हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 नवंबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# दिवाली के पहले लिए सैंपल की अब आई रिपोर्ट, जांच में अमानक मिला दही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

त्यौहारी सीजन में खाद्य गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य नियंत्रक विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले में अलग-अलग जगह पर कार्रवाई करते 40 से अधिक खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब भेजे गए हैं। इनमें से दो खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हो गई है। जिसमें एक रिपोर्ट में भेजे गए दही की जांच के पश्चात उसकी गुणवत्ता अमानक पाई गई है।

बेहतर खानपान से ही बेहतर सेहत प्राप्त की जा सकती है। ऐसे में मिलावटों के दौर में खाद्य की गुणवत्ता को लेकर खाद्य नियंत्रक विभाग द्वारा दीपावली त्यौहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की जांच करवाई की गई और जिलेभर में अलग-अलग प्रतिष्ठानों एवं कारखाने से खाद्य सामग्री के 40 से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजे गए। जिसमें से महज दो रिपोर्ट ही अब तक विभाग को प्राप्त हुई है।

**अमानक रिपोर्ट पर नियम अनुसार कार्रवाई**

जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि भेजे गए सैंपलों में से दो सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसमें दही का सैंपल अमानक निकाला है। जिसको लेकर अब विभाग द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं शेष नमूनों की रिपोर्ट भी जल्द प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि पर्व के अलावा भी समय समय पर जांच के लिए सैंपल लिए जाते है।

## दिवाली पर्व से पहले विभाग द्वारा चालीस से अधिक भेजे गए खाद्य सैंपल, दो की रिपोर्ट प्राप्त

### प्रदेश में एकमात्र लैब

खाद्य सामग्रियों की जांच के लिए नियम अनुसार लगभग दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्राप्त हो जानी चाहिए, लेकिन प्रदेश में एकमात्र फूड टेस्टिंग लैब राजधानी रायपुर में होने की वजह से प्रदेशभर की जांच के लिए यहां नमूने पहुंचते हैं। जिसकी वजह से जांच रिपोर्ट आने में देर हो जाती है और लगभग एक से डेढ़ माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्राप्त होती है।



### ऑनलाइन लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन

बिना खाद्य लाइसेंस के चल रहे खाद्य पदार्थ की दुकानों को लेकर जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने कहा कि लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन है। कोई भी व्यक्ति जो खाद्य व्यापार करता है, उसे अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है। जिसमें निर्माता, होलसेलर और रिटेलर शामिल है। सभी खाद्य व्यापारी एफएसएसएआई की साइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से 12 लाख से कम टर्नओवर वालों के लिए 100 रुपए प्रतिवर्ष के हिसाब से खाद्य पंजीयन मिल जाता है। वहीं 12 लाख से अधिक टर्नओवर वालों को लाइसेंस कैटेगरी के अंतर्गत अप्लाई कर नियम अनुसार लाइसेंस प्राप्त करना होता है।

### इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल और सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

# आज से धान उत्सव: जिले के 91 केंद्रों में 2400 किसानों से होगी बोहनी, खरीदेंगे 1.2 लाख क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में धान उत्सव की शुरूआत होने जा रही है। समिति प्रबंधकों की हड़ताल खत्म होने से खरीदी की तैयारी में तेजी आ गई है और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। खरीदी के पहले दिन 2400 किसानों के लगभग 1 लाख 22 हजार क्विंटल धान की खरीदी बोहनी के रूप में होगी। धान खरीदी केन्द्रों में धान के आवक जावक की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं नई व्यवस्था के तहत इलेक्ट्रॉनिक तराजू के माध्यम से खरीदी की जाएगी।

इधर इस बार भी पिछले कुछ सालों के अनुसार ही धान बेचने वाले किसानों के पंजीयन में इजाफा देखने को मिला है। जिले में ही किसान पहली बार धान बेचेंगे। वहीं कुल किसानों की संख्या भी पिछले आंकड़ों को पार कर गई है। किसानों को टोकन जारी करने का काम भी शुरू हो गया है। पहले दिन के साथ ही आने वाले दिनों के लिए भी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से टोकन दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए धान खरीदी का दौर बेहद महत्वपूर्ण होता है। लाखों की संख्या में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाती है। यही कारण है कि जिला प्रशासन भी इस दौरान अलर्ट मोड पर रहता है। इस बार भी पड़ोसी राज्यों से आने वाले धान पर नजर रखने से लेकर जिले के भीतर गड़बड़ी रोकने टीम का गठन कर दिया गया है।



### नए सॉफ्टवेयर से खरीदी

मिली जानकारी के अनुसार सहकारी बैंक के माध्यम से धान खरीदी के लिए नया सॉफ्टवेयर डाउनलोड कर लिया गया है। वहीं तराजू बट का भी सत्यापन कराया गया है। इसके साथ ही मॉइश्चर मशीन, फर्स्ट एड, किसानों की बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से राजनांदगांव जिले की 96 धान खरीदी केंद्रों में 1 लाख 50 हजार से अधिक बारदाना भेजा गया है। जिसमें से 50 प्रतिशत पुराने और 50 प्रतिशत नए बारदानों के माध्यम से धान के खरीदी की जाएगी।

### रकबा घटा, किसान बढ़े

हर गुजरते साल के साथ जिले में धान का रकबा बढ़ रहा था। हालांकि इस साल इसमें कमी देखने को मिली है। वर्ष 2022 में जिले में 121001 किसानों ने 150063.91 हेक्टेयर में धान की फसल ली थी। पिछले साल वर्ष 2023 में 128069 किसानों ने 1.57 लाख हेक्टेयर में धान की फसल ली थी। जबकि इस बार धान बेचने के लिए 132468 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

### प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से राजनांदगांव जिले की 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 7 लाख 73 हजार 756 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 14 नवंबर से प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिसके तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

### जिले के 94 केंद्रों में खरीदी

जिले में इस बार किसानों से खरीदी करने के लिए 96 केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से पहले दिन 91 केंद्रों में खरीदी करने के लिए टोकन जारी किया गया है। इन केंद्रों में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल तक धान खरीदी की जाएगी। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 39 और मोहला-मानपुर जिले में 19 केंद्रों में खरीदी की जाएगी। वहीं प्रशासन ने भी खरीदी शुरू होने से पहले हर खरीदी केंद्र में सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से राजनांदगांव जिले की 96 धान खरीदी केंद्रों में 1 लाख 50 हजार से अधिक बारदाना भेजा गया है। जिसमें से 50 प्रतिशत पुराने और 50 प्रतिशत नए बारदानों के माध्यम से धान के खरीदी की जाएगी।

# ट्रेन में दो किलो गांजा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब और गांजा के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बीच तस्करों की सक्रियता कम होने का नाम नहीं ले रही है। नेशनल हाईवे के बजाय तस्करों ने अब ट्रेनों के जरिये गांजा और शराब की अवैध तस्करी का गोरखधंधा शुरू कर दिया है। हावड़ा से मुंबई के बीच चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस में टिकट चेकिग के दौरान टीटीई स्टाफ ने एक यात्री के पास से दो किलो गांजा बरामद किया है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेनों के जरिये अवैध शराब और गांजा की लगातार शिकायतें सामने आने के बाद नागपुर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक ने रेल गाड़ियों में कार्यरत टीटीई स्टाफ को टिकिट चेकिंग के अलावा ड्यूटी के दौरान यात्रियों की शिकायतों का निदान, अनाधिकृत वेंडरों व अन्य अनियमितताओं पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

ट्रेनों के जरिये तस्करी को रोकने की दिशा में टीटीई स्टाफ अजय रहाते और सतीश घोरपड़े ने बुधवार को गाड़ी क्रमांक 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस में एक संदिग्ध यात्री के सामानों की जांच-पड़ताल की। टीटीई स्टाफ को यात्री के पास से दो किलो गांजा मिला है। टीटीई स्टाफ ने आरोपी यात्री को रेल सुरक्षा बल को सौंपा है।

### पट्टा बनाकर रखा था गांजा

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि टीटीई स्टाफ ने बड़ी सुझबूझ और चतुराई के साथ यात्री की चेकिंग की है। बताया जाता है कि यात्री ने अपने पेट में बेल्ट का पट्टा बनाकर इसमें दो किलो गांजे को छिपाकर रखा हुआ था। टीटीई स्टाफ द्वारा की गई इस कार्रवाई की रेलवे मंडल ने प्रशंसा की है। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह की कार्रवाई से रेलवे सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा।



### अवैध शराब की तस्करी

यात्री ट्रेनों के जरिये अवैध शराब की भी व्यापक पैमाने पर तस्करी की जा रही है। गिरोह द्वारा महाराष्ट्र में शराब के दाम कम होने के कारण छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार आदि राज्यों में यहां ट्रेन के जरिये तस्करी की जा रही है। इस गोरखधंधे में एसी बोगियों के कर्मियों को भी शामिल किया गया है। पिछले दिनों गोंदिया में एसी बोगी में काफी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई थी।

# नाबालिग को भगाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं शादी करने का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग को महाराष्ट्र से बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 28 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला द्वारा पूर्व में धारा-137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपहता व अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं विवेचना किया जा रहा था।

इस मामले में गैंदाटोला पुलिस द्वारा अपहता को आरोपी शिवाराम पटेल 26 निवासी ग्राम मिनमिनिया जिला कबीरधाम के कब्जे से उरली कंचन पुणे महाराष्ट्र राज्य से 11 नवंबर को बरामद कर परिजन के साथ थाना लाया गया। नाबालिग अपहता का महिला पुलिस अधिकारी एवं माननीय न्यायालय से कथन एवं डाक्टर से डॉक्टरी परीक्षण कराया गया, जो मामले में आरोपी द्वारा धारा 64 (2)(ड), 69, 87 बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर मामले में उक्त धाराएं जोड़ी गई तथा आरोपी को आज 12 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। घर में महिला को अकेला पाकर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में 11 नवंबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम दर्राबांधा के आरोपी मेघनाथ यादव 42 साल ने 10 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे के करीब अपने घर में अकेली महिला थी, तभी शराब के नशे में महिला के कमरे में आकर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के आवाज लगाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला में अपराध कायम कर आरोपी मेघनाथ 42 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।

## पंच प्यारों की अगुवाई में निकली भव्य शोभायात्रा







**राजनांदगांव।** मानवीय एकता के महान संदेशवाहक, सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देवजी का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे पूर्व आज राजनांदगांव शहर के गुरूद्वारा साहिब से श्री गुरूसिंह सभा द्वारा पंच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाज के पदाधिकारी गुरदीप सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व को लेकर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

इस आयोजन में दरबार साहिब अमृतसर से भूपेंद्र सिंह के रागी जत्थे द्वारा शबद कीर्तन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर प्रकाश पर्व पर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक शबद कीर्तन एवं अन्य आयोजन के साथ दोपहर को लंगर और शाम 7 बजे से रात 12 तक विभिन्न आयोजन होंगे।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
• मुँह के छाले एवं कैंसर
• जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
• मुँहके कम खुलने का इलाज ।
• जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
• दांतों के इम्पलान्ट
• कटे फटे होंट एवं तालु
• चेहरे एवं घावों का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

### तीन दिवसीय मेले में शहरी सहित ग्रामीण लोगों की रहेगी उपस्थिति

# मोहारा मेला आज से, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ऐतिहासिक मोहारा मेला की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले का शुभारंभ कल 14 नवंबर से होगा। मेले में जिले के अलावा अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। मेले को लेकर मेला स्थल पर पानी से लेकर आवागमन सहित अन्य व्यवस्थाएं नगर निगम द्वारा की गई है। जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। इधर मोहारा मेला स्थल पर लगभग 15 दिनों पूर्व से ही छोटे-बड़े झूले सजने शुरू हो चुके हैं। वहीं कई व्यवसायियों ने अपने-अपने दुकानों के लिए स्थान चिन्हाकित कर लिया है। तीन दिवसीय मोहारा मेला का शुभारंभ कल 14 नवंबर से होगा, जो 16 नवंबर तक चलेगा।

### तीनों दिन सांस्कृतिक आयोजन

मेले में नागरिकों के मनोरंजन के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। जिसमें 14 नवम्बर को संध्या 6 बजे से नरेश वर्मा का मया के डोरी लोक मंच की प्रस्तुति दी जावेगी, वही 15 नवम्बर को महादेव हिरवानी का धरोहर लोक मंच की प्रस्तुति होगी तथा अंतिम दिन 16 नवम्बर को विष्णु कश्यप का स्वर धारा की प्रस्तुति होगी। जिसमें कलाकारों द्वारा सुमधुर गीत एवं नृत्य के माध्यम से अपनी कला की प्रस्तुती दी जायेगी।




### कार्तिक स्नान करने पहुंचेंगे लोग

उक्त मेले को लेकर जिलेभर के लोगों में उत्साह का माहौल है। जिले का सबसे बड़े मेले में शामिल होने के लिए लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। स्वयं के वाहन व अन्य साधनों से मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। 15 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भोर के समय बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करने पहुंचेंगे, जहां दीपदान एवं पूजा-अर्चना का माहौल निर्मित रहेगा। इस अवसर पर आसपास के गांव से ग्रामीण मंडई लेकर भी मेला स्थल बाजे-गाजे के साथ पहुंचेंगे।

### हजारों दीप होंगे प्रज्जवलित

मेला स्थल शिवनाथ नदी तट में शनिदेव धाम परिवार द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शाम साढे 6 बजे हजारों दीप प्रज्जवलित किए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग दीप प्रज्जवलन करने के लिए पहुंचेंगे। मेला स्थल पर कई व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें भी पूर्ण रूप से सजा ली है। मेला स्थल पर स्थित मंदिर में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने की तैयारियां की जा चुकी है। मेले के दौरान नंदई से मोहारा तक यातायात का काफी दबाव बने रहने की संभावना है। मेले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस अधिकारी एवं जवानों की डयूटी लगाई गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## धान खरीदी आज से, किसान उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दो माह तक समर्थन मूल्य पर होने वाली धान की खरीदी कल कल 14 नवंबर से शुरू हो जाएगी। प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने किसान काफी उत्साहित हैं। आश्वासन मिलने के बाद समितियों की कर्मचारी अपना आंदोलन समाप्त कर काम पर लौट आए है। कर्मचारी बुधवार को दिन भर धान खरीदी की तैयारी में जुटे रहे। अधिकांश केन्द्रों में मंगलवार को जोर शोर से खरीदी की तैयारी की गई। कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला धान खरीदी केन्द्र में कल से किसान धान बेचने पहुचेंगे। केन्द्रों में काटा बांट, तौल मशीन, नमी मापक यंत्र, बारदाना आदि उपलब्ध करा दिया गया है।

### पचास फीसदी धान की कटाई-मिंजाई पूर्ण

सोसायटियों में कल 14 नवम्बर से धान की बंफर आवक होने का अनुमान है। क्षेत्र में लगभग पचास फीसदी से अधिक धान की कटाई एवं मिंजाई हो चुकी है। बहुत से किसानों ने आनलाईन टोकन प्राप्त कर लिया है जो कल से धान बेचने सोसायटी आएंगे।

### सताने लगी अभी से गर्मी की चिंता

# दर्जनों गांव में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

डोंगरगढ़ विकासखंड के दर्जनों गांवों में गर्मी के दिनों में पानी की कमी हो जाती है। पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। ग्राम पंचायत कातलवाही, छीपा, कोलिहापुरी, मुंदगाव, आरबीरा, झिटिया सहित अन्य गांवो का वाटर लेवल बहुत नीचे चले जाने से जल संकट गंभीर हो जाता है। जल संकट को देखते हुए कुछ प्रतिबंधों सहित सटीक योजना बनाने की आवश्यकता महसूस किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए न भटकना पड़े।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ किसान धान की डबल फसल लेते है जिसके चलते पानी का बहुत दोहन किया जाता है जिससे गर्मी के दिनों में वाटर लेवल नीचे चला जाता है। कुछ दिन पहले कलेक्टर ने आदेश जारी कर रबी फसल में धान की जगह अन्य फसल बोनें की अपील किसानो से की थी। कहा गया था कि धान की फसल में पानी का अत्यधिक उपयोग होता है जिससे गर्मी के दिनों में वाटर लेवल नीचे चला जाता है और जल संकट उत्पन्न होता है। कलेक्टर ने किसानों को सुझाव दिया था कि वह कम पानी की खपत वाली फसलों का उत्पादन करें ताकि गिरते वाटर लेवल को संतुलित किया जा सके।



### खरीदना पड़ता है पानी

झिटिया में जल संकट वर्षों से बना हुआ है। ग्राम के हीरालाल नारंग, पूनम साहू, संतोष साहू, नजलाल साहू, टिमनलाल टेंभुरकर, सहदेव साहू, मधु नारंग, मन्नू निषाद, दिनेश जांगड़े ने बताया कि यहाँ के ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए भटकना पड़ता है। कुछ तो खरीदकर पानी पीते है। गांव में यह समस्या वर्षों से बनी है जिसके समाधान का प्रयास अब तक नहीं किया गया है।

### धान खेती पर रोक

गर्मी के दिनों में पानी की समस्या होती है जिसके निराकरण के लिए पंचायत ने गर्मी के दिनों धान फसल को न बोने का प्रस्ताव पारित किया है।

**-बुधारूराम धुर्वे,** सरपंच कोलिहापुरी

### पानी नहीं रूकता

गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत हो जाती है। छीपा नदी में बना स्टापडैम टूटने से पानी का ठहराव नहीं होता। मुनादी करवाकर किसानो से निवेदन किया है कि वह गर्मी में धान की फसल न ले।

**- ओमप्रकाश लिल्हारे,** सरपंच छीपा

### धान के कारण जल संकट

पानी के दिनों में पानी के लिए बहुत भटकना पड़ता है। किसानों को रबी धान की बोनी नहीं करना चाहिए। रबी धान की बुआई से क्षेत्र का जल स्तर गिर जाता है और पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता है।

**-टाकेश्वर साहू,** सरपंच कातलवाही

# विवि में ऑनलाइन परीक्षा का कुलपति ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में डिप्लोमा परीक्षा दिलाने वाले छात्रों के लिये ऑनलाईन आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार 8 नवंबर को ऑनलाईन आवेदन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, परीक्षा प्रभारी सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण व विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में कुलपति के निर्देशन में पहली बार डिप्लोमा परीक्षा के लिये ऑनलाईन आवेदन की शुरूआत हुई है। नियमित एवं स्वाध्यायी डिप्लोमा के लिये आवेदन प्रारंभ हो चुका है। 9 से 22 नवंबर तक सामान्य शुल्क के साथ छात्र ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। 23 से 27 नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा तथा 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक विशेष विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन करने से परीक्षा कार्य समय पर संपन्न करने में सुविधा होगी। आवेदन में ग़लत प्रविष्टि में कमी आयेगी। छात्र अपने घर से सी आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार की दिक़्क़त आने पर संपर्क नंबर पर कॉल कर संका समाधान किया जा सकता है।

### दी गई जानकारी

उक्त ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के संबंध में परीक्षा प्रभारी डॉ. मानस साहू के द्वारा संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को जानकारी दी गई है। वर्चुअल मीटिंग आयोजित कर विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को ऑनलाईन आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई है जिससे अधिक संख्या में विद्यार्थीगण इसका लाभ लेकर परीक्षा दे सकें। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा आगामी समय में परीक्षा से संबंधित लगभग सभी कार्य ऑनलाईन माध्यम से किये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### गांवों में गंदे पानी की सप्लाई

**अंबागढ़ चौकी।** बांधाबाजार, कोटरा, तेलीटोला, गुंडरदेही सहित अन्य ग्राम में पेयजल के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने फ़्लि्टर प्लांट बनाया है। यहां से 24 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराया जाता है किन्तु विगत 2 दिनों से गंदे पानी की सप्लाई किया जा रहा है। गंदे पानी की सप्लाई होने से संक्रमण फैलने की आशंका है। गंदे पानी की सप्लाई होने की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को अवगत कराकर सुधार की मांग की। अधिकारी ने गंदे पानी की सप्लाई होने की जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि चेक करवाने के बाद लापरवाह कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### कार्तिक पुन्नी मेला आज

**कल्लूबंजारी।** दामाबंजारी में कार्तिक मेला का आयोजन कल 14 नवंबर को रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी रमेश चौधरी ने दी।

### डांस प्रतियोगिता कल रामपुर में

**चिचोला।** रामपुर में युवा मित्र मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डॉस प्रतियोगिता का आयोजन 15 नवंबर को रखा गया है। स्पर्धा के सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 5001, 3001, 2001, 1001 रुपए, युगल डांस में 3001, 1501, 1001, 701, एकल डांस में 2001, 1501, 1001, 501 रूपए दिया जाएगा। यह जानकारी राजू मंडावी एवं एवन सेन ने दी।

### माता देवाला दर्शन यात्रा का तीसरा चरण कल

**चिचोला।** बिल्हरी से माता देवाला दर्शन यात्रा का तीसरा चरण 15 नवम्बर को होगा। बिल्हरी के चैतु बाबा मंदिर प्रांगण से यात्रा प्रारंभ होकर पुरैना, अन्यानवागांव एवं रूवातला तक जाएगी जहां इसका समापन होगा। विधायक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा के दौरान शीतला माता सहित अन्य देवी देवताओ की प्रतिकृति दिखाई जाएगी।

बैरग, निशान के साथ शीतला माता, ठाकुर देव, सांहड़ादेव, बघरणपाठ, कुकरापाठ, भैसासुर, कंकालिन माता, राव देवता, गोसाई माता, अन्नकुमारी माता, रास माता, असरामाता, बमलाई माता, नागदेव, लैन माता, धरती माता, धुकिमाता, कुंवारपाठ, बहीत माता, कुंवारीपाठ, सतबहिनी, बुंढ़माता, घुमियार, झुनकी पाठ, कारीपाठ, गढ़माता आदि की झांकी लोगों को देखने मिलेगी। यात्रा के साथ जस भजन टोली के साथ जस सम्राट दिलीप षंडगी गायन करेंगे। यात्रा की तैयारी करने में किसान नेता गुलाब वर्मा, होमदत्त वर्मा, जयचंद ठाकुर, सूरज कौशल, राधेश्याम वर्मा, फगुवा वर्मा, मोतीलाल वर्मा आदि जुटे हैं।

### अतिरिक्त कक्ष लोकार्पित

**अंबागढ़ चौकी।** मांझीटोला में गत दिनों संस्कार युवा मित्र मंडल ने रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित किया। स्पर्धा का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव ने सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया। गया। इस अवसर पर रेशमा सुभाष परतेती, योगमाया साहू, शेश्वरी धुर्वे, विनित शर्मा, संदीप मेश्राम, एकलव्य साहू, पूरन साहू, वीरेंद्र साहू, बिजेंद्र बसु, प्रभात परतेती, मिलन परतेती, सोहरलाल, रमेश रामटेके, जगत एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।






# चोरड़ाधाम में पूर्णिमा मेला आज से



**सड़क अतरिया।** प्राचीन चोरड़ाधाम में कल 14 नवंबर से दो दिवसीय कार्तिक मेला का आयोजन किया गया है। चोरड़ाधाम अगले दो दिनों तक शिव भक्तों से गुलजार रहेगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

गौरतलब है कि चोरड़ाधाम में स्थित डोगेश्वर महादेव मंदिर घने वृक्ष एवं चट्टानों से घिरा है। धरातल से पचास फीट नीचे डोगेश्वर महादेव मंदिर है। गौमुख से शिवलिंग पर गिरता जल तथा चट्टानों के मध्य से बहती गुप्त गंगा लोगों को बरबस आकर्षित करती है। दो दिवसीय मेला को लेकर पूजा समाग्री, फल, जलपान, खिलौना, श्रृंगार आदि की दुकान सज गई है।

### दिवाली मिलन समारोह कल

**लालबहादुर नगर।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर ने 15 नवंबर को तहसील स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन मां कर्मा मंदिर परिसर में किया है। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे। तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि नवीन तहसील बनने के बाद पहली बार दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, राजनांदगांव तथा लालबहादुर नगर तहसील के सामाजिक जन शामिल होंगे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




# फरवरी में हड़ताल करेंगे चतुर्थ वर्ग कर्मचारी



**छुईखदान।** छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रघुवीर तिवारी ने 6 सूत्रीय लंबित मांग को प्रशासन के समक्ष रखा है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आरपार लड़ाई करने की बात कहा है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में बताया कि 31 दिसंबर 97 से अब तक विभिन्न विभागों में कार्यरत कलेक्टर दर, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित, कार्यभारित आकस्मिक निवि स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजन करते हुए नियमित करने, रिक्त पदों के अभाव में वर्तमान कलेक्टर दर वेतन एवं 4000 सम्मान निधि मिलाकर मूल वेतन घोषित करते हुए 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता जोड़ा जाकर लाभ देने, सेवाशर्त बनाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ग्रेड वेतन 1800, 1900, 2200 एवं 2400 बढ़ोतरी करने, विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारियों को समान वेतनमान में सविलियन करने, चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति हेतु प्रतिशत का प्रावधान करने, आश्रम छात्रावासों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को टी संवर्ग के शैक्षणिक संस्थाओं में संविलियन करते हुए उन्हें सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदोन्नत करने, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के स्कूलों में सहायक ग्रेड 03 का पद स्वीकृत कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नत करने की मांग की है। इस संबंध में समीक्षा चर्चा के लिए गत दिनों कोण्डागांव में बैठक रखी गई थी। बैठक में 6 सूत्रीय मांगों पर चर्चा पश्चात सर्व सम्मति से फरवरी में प्रांत व्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


श्री गुरुनानक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राधे
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके मन को आनंदित करने वाला
श्रीजी विहार
ग्राम तथा नगर निवेश नगर पालिका एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
मो.- 7746058677
रोड, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ
खसरा नं.- 15003
खम्हरिया खुर्द
प्रस्तावित कलेक्टर ऑफिस
केन्द्रीय विद्यालय
विद्युत मंडल ऑफिस
इंडेन गैस गोदाम
श्रीजी विहार कॉलोनी
सरस्वती शिशु मंदिर
अवंती स्कूल
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबन्ध खैरागढ़


उपहार उपहार उपहार उपहार उपहार
शोभा ज्वेलर्स
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
सोना एवं चाँदी के जेवर की नगद खरीदी पर पाये निश्चित उपहार....
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है...
भगवान महावीर चौक, गोल बाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) फोन- 07820-234567, 89629-00000 (निश्चल)

## सार समाचार

### भागवत कथा में शामिल हुए विधायक साहू



**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा के कान्हे नगर पंचायत अं. चौकी में 12 नवंबर को आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू ने कथा वाचक महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही क्षेत्र के सुख, शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। इस शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अं. चौकी विद्या रमेश ताम्रकार, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पार्षद साधना सिंह, विजय, रफ़ीक भाई समेत आयोजन समिति एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### सर्जिकल ब्लेड से हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गाली-गलौज कर आरोपियों द्वारा हत्या करने की नियत से सर्जिकल ब्लेड से वार करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 नवंबर को प्रार्थी भागवत निषाद 60 वर्ष निवासी ग्राम रातापायली द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उनके बेटे को अनावेदगणों द्वारा गंदी-गंदी गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देकर सर्जिकल ब्लेड से मार दिया। रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना डोंगरगांव में धारा-296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रीतेश निषाद 22 साल को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के अन्य दो फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

### प्लेसमेंट कर्मी 19 से हड़ताल पर

**गंडई पंडरिया।** नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी आगामी 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले है। इस हड़ताल में नगर पंचायत गंडई के 22 प्लेसमेंट कर्मचारी भी शामिल होंगे। कर्मियों की हड़ताल से अधिकांश काम प्रभावित हो सकते है। जानकारी के अनुसार महासंघ द्वारा विगत वर्षों से प्लेसमेंट कर्मचारियों को अन्य विभाग जैसे सीधे वेतन का भुगतान करने की मांग कर रहे है। इस मांग को लेकर वह समय-समय पर धरना-प्रदर्शन कर चुके है। मांगों को पूरा करने की दिशा में पहल नहीं होने से प्रदेश के 184 निकायों में कार्यरत 20000 प्लेसमेंट कर्मचारियों में असंतोष देखा जा रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ गंडई के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि मांगो के पूरा नहीं होने के कारण सभी निकायों के प्लॅसमेंट कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है। सभी कर्मी आगामी 19 नवंबर से महासंघ के आव्हान पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे।

### हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**राजनांदगांव।** जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ में कल 14 से 20 नवंबर तक स्व. सुरजीत कौर भाटिया 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन समारोह संध्या 6 बजे से विशिष्ट अतिथियों की उपस्थित में संपन्न होगा। उक्त प्रतियोगिता में शहर की जानी-मानी 8 स्थानीय टीमें भाग ले रही है। इस स्पर्धा में भाग ले रही हॉकी टीमों में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी। जिसमें कई सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा सीनियर और जूनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगे। स्पर्धा लीग पद्धत्ति से खेली जाएगी। स्पर्धा के तहत दो मैच खेला जाएगा। जिसमें पहला मैच लालबाग क्लब विरुद्ध एमसी इलेवन के मध्य संध्या 6.30 बजे तथा सिटी क्लब विरुद्ध दिग्विजय क्लब के मध्य 7.30 बजे से खेला जाएगा।

### विहिप बजरंग दल का गठन

**राजनांदगांव।** मठ मंदिर, संस्कृति, हिन्दू समाज और गौमाता की रक्षा के लिए ग्राम मनेरी में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का गठन किया गया। हिंदुओ के संरक्षण के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनने एवं युवा पीढ़ी में सेवा, सुरक्षा, संस्कार का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी गांव-गांव तक पहुंचकर समिति निर्माण कर रहे हैं। जिसमें ग्राम मनेरी में विहिप बजरंग दल ने ग्राम समिति घोषित की। जिसमें बजरंग दल खंड संयोजक युवराज साहू, सह-संयोजक पुरंजय,चंद्र साहू, गौरक्षा प्रमुख प्रतीक साहू, बलो उपासना (अखाड़ा) प्रमुख डोगेन्द्र साहू, सुरक्षा प्रमुख टूमेश साहू, चुम्मन मंडावी, विद्यार्थी प्रमुख ईश्वर डहरे, छवि साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रकाश, नागेश चुने गए। उक्त स्थान पर विहिप पदाधिकारी प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सुनीन सेन एवं अन्य की उपस्थिति रही।

# आदिवासी करेंगे प्रतिरोध सभा और अधिकार यात्रा

- पंचायत एवं निकाय चुनाव में आरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आदिवासी समाज द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर आदिवासी प्रतिरोध सभा एवं आदिवासी अधिकार यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर जानकारी देने आदिवासी समाज के लोग आज कलेक्टोरेट पहुंचे।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा आगामी 18 नवंबर को चिचोला क्षेत्र के बाबुटोला से आदिवासी प्रतिरोध सभा एवं आदिवासी अधिकार यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की जानकारी देने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने कहा कि यहां 8 से 10 प्रकार की जनजातियां निवास करती है। राजनांदगांव जिले में आदिवासी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य के लिए एक सीट आरक्षित है। उन्होंने कहा कि आदिवासी आरक्षित बोरतालाब सीट को यथावत रखने के साथ ही कुमारदा, बम्हनी चारभांठा और गैंदाटोला क्षेत्र को भी आदिवासी सीट के रूप में आरक्षित किया जाए। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए छुरिया एवं एलबी नगर में भी आरक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जनसंख्या का डाटा 14 वर्ष पूर्व 2011 का ले रहे हैं। यह आदिवासियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के माध्यम से हम शासन-प्रशासन से अपनी मांगे पूरी करने की मांग कर रहे हैं।

#### बाबुटोला से कलेक्टोरेट तक अधिकार यात्रा

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में आरक्षण की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे आदिवासी प्रतिरोध सभा एवं आदिवासी अधिकार यात्रा के तहत बाबुटोला में सभा का आयोजन होगा और इसके बाद अपनी अधिकार यात्रा के तहत कलेक्टोरेट तक आदिवासी समाज द्वारा रैली निकालकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

आदिवासी समाज द्वारा कहा गया है कि यदि आरक्षण को लेकर उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो चक्काजाम के साथ ही उन्हें उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# एबीस कंपनी से दो करोड़ गबन पति-पत्नी को सश्रम कारावास

- एक अन्य आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीमती अंजली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजनांदगांव ने कल एक मामले में आरोपी पति प्रमोद कुमार सिंह एवं उसकी पत्नी सीमा सिंह को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एबीस एक्सपोर्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ अमानत में ख्यानत और धोखाधड़ी के आरोप में दोषी करार दिया है।

न्यायालय ने आरोपी पति-पत्नी को भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468 एवं धारा 471 सहपठित 34 के तहत प्रत्येक धारा में 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है एवं इस मामले की तीसरी आरोपी श्रीमती कंचन कुमारी सिंह फरार है। जिसके लिए न्यायालय ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि आरोपी प्रमोद कुमार सिंह एवं उसकी पत्नी सीमा सिंह ने मत्स्य आहार एवं झींगा आहार की राशि लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी एबीस कंपनी के साथ किया। आरोपी प्रमोद कुमार सिंह ने 17 नवंबर 2014 से 31 मार्च 2016 के मध्य एबीस कंपनी में जनरल मैनेजर एवं सीनियर वाईस प्रेसिडेंट के पद पर रहते एबीस कंपनी के मत्स्य आहार एवं झींगा आहार के उत्पादन एवं विक्रय की कुल राशि एक करोड़ 95 लाख को बेईमानी से दुर्विनियोग कर धोखाधड़ी एवं अपराधिक न्यास भंग किया है।

### फांसी पर लटका मिला युवक

**राजनांदगांव।** एक युवक खाली घर के बाहर फांसी पर झूलता देखा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत तुमडीबोड से डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में स्थित एक खाली मकान के ग्रिल में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 35-40 वर्ष फांसी पर झूलता देखा गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वहीं शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है।

# ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य बंद करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले मूल कार्य के अतिरिक्त समस्त ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ ने ज्ञापन सौंपते कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष/महिला द्वारा शासन के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जाता है। मूल रूप से यह स्वास्थ्य विभाग के रीड की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं, किन्तु वर्तमान में उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं एंट्री के लिए निर्देशित किया जाता है। इस कारण राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ ने कहा कि इसके लिए 22 अक्टूबर 2024 से प्रदेश में समस्त जिला के महिला एवं पुरूष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किया जा चुका है। राजनांदगांव जिले में स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ/ स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने के पश्चात प्रांतीय संघ के आह्वान पर 11 नवंबर से संयुक्त रूप से महिला एवं पुरूष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा समस्त ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किया जाता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष चौहान, घुमका ब्लॉक अध्यक्ष कौशल शर्मा, प्रीतेश सोनी, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष जयंत बावने, टिनेश्वर साहू समेत समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम, आरएचओ शामिल थे।

## दो दिवसीय पुन्नी महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अं. चौकी जमींदार की प्रमुख देवी दुर्गा मोती जो ग्राम देवरसूर में स्थापित है, जहां दो दिवसीय कार्तिक पुन्नी महोत्सव का आयोजन रखा गया है।

आयोजकों ने बताया कि प्रथम दिवस कल 14 नवंबर को रात्रि आठ बजे पूजा-अर्चना के साथ जसगीत प्रारंभ होगा, जो रातभर चलेगा। चार बजे पुन्नी स्नान करने के बाद माता का पूजा एवं विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 15 नवंबर को अलग-अलग ग्रामों से आए मंडली के सदस्यों द्वारा माता जसगीत एवं झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही दर्शनार्थियों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन रखा गया है।




# शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**राजनांदगांव।** खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा व श्री दासी श्याम प्रभु शोभायात्रा का भव्य आतिशबाजी व भव्य पुष्प वर्षा से राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा स्वागत किया गया।



खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष प्रतीक खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा सेवाभावी अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा एवं श्री दासी श्याम प्रभु कि दिव्य भव्य शोभायात्रा का भव्य आतिशबाजी व भव्य पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष प्रतीक खंडेलवाल, सचिव चिराग खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य मुकेश खंडेलवाल, नरेंद्र खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी निकुंज खंडेलवाल, चिकित्सा प्रभारी परिवेश खंडेलवाल, सोशल मीडिया प्रभारी पवन खंडेलवाल एवं कार्यकारणी सदस्य नीरव खंडेलवाल, तनय खंडेलवाल, सारांश खंडेलवाल एवं खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य सौरभ दुसाद सहित अन्य युवा साथियों को पुष्प वर्षा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी निकुंज खंडेलवाल ने दी।

## तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर 15 से

**जालबांधा।** दिव्य समागम पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा 15 नवंबर से तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर में किया जाएगा। उक्त आयोजन सुबह 6 से 7.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षक द्वारा योग कराया जाएगा एवं योग प्रशिक्षण द्वारा सभी प्रकार के जटिल रोगों में योग के महत्व को बताया जाएगा।




# नेकी करते रहें, मिलेगा सुखद फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जिन धर्म एक ऐसा धर्म हैं जो मांगना नहीं बल्कि केवल और केवल देना सिखाता है। आज आप जितना दोगे भविष्य में उससे बढ़कर मिलेगा, इसलिए जीवन में ज़ब कभी मौका मिले परोपकार करने का अवसर न छोड़े।

उक्ताशय के विचार ब्रम्हालीन आचार्य विद्यासागर सागर महामुनिराज के शिष्य मुनि श्री आगम सागर ने बुधवार को संत भवन परिसर में श्री सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित श्री सिद्ध चक्र विधान एवं विश्व शांति यज्ञ के दौरान व्यक्त किए। मुनि श्री ने मौजूद श्रावक श्रविकाओं को संबोधित करते हुए आगे कहा कि संपन्न लोगों को तो सभी देते हैं किन्तु जिन धर्म का पालन करने वाले ऐसे लोगों को भी देकर प्रसन्नता महसूस करते हैं जिनके



पास कुछ भी नहीं होता हैं। तुम आज अगर किसी को जीवन देने का प्रयास करते हो तो भविष्य में ज़ब तुम्हारे जीवन में संकट आएगा तब कोई न कोई तुम्हे भी जीवन देने सामने आएगा। किसी को जीवन देने से जो ख़ुशी मिलती हैं वह किसी अन्य से नहीं मिलती हैं इसलिए हमेशा परोपकार का भाव रखे।

#### सिद्ध परमेष्ठी की करें आराधना

मुनि श्री ने कहा कि लोग सभी काम के लिए मुहूर्त देखते हैं किन्तु कुछ चीजे ऐसी होती हैं जो बिना मुहूर्त के हो जाती है। बिना मुहूर्त के कभी भी किसी की अर्थी उठा जाती है इसलिए जीवन का सदुपयोग करते हुए सिद्ध परमेष्ठी की भक्ति करते रहे। मानव न कुछ लेकर आता हैं और न कुछ लेकर जाता हैं। इस धरा पर सब कुछ धरा रह जाता हैं, इसलिए राग द्वेष छोड़कर जीवन को सफल बनाने का प्रयास करें।

#### कर्म से तय होता है भविष्य

मुनि श्री ने आगे कहा कि मानव ज़ब जन्म लेता है तब अपने साथ पुण्य और पाप का पिंड लेकर आता हैं। उम्र बढ़ने के साथ जैसे उसके कर्म होते हैं वैसे ही उसकी तरक्की होते जाती हैं और उसका भविष्य बनते जाता। कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि जो हुआ वह हमने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे को माँ बाप पालते हैं किन्तु कुछ ऐसे भी होते हैं जो अनाथालय में पलकर भी आगे बढ़ जाते हैं, इसलिए निज स्वार्थ से ऊपर उठकर भला करते रहिए।









## खबर संक्षेप



### पाण्डातराई में मां काली उत्सव धूमधाम से मनाई

**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में मां काली उत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, नगर पंचायत पाण्डातराई में गुप्ता धर्मशाला एवं कुम्हार पर में मां काली की मूर्ति प्रतिमा स्थापना किया गया, वहीं भाग्य शोभा यात्रा के साथ नगर के प्रमुख मार्ग गली मोहल्ले से होते हुए जस गीत के साथ नगर की स्थानीय तालाब में विसर्जन किया गया। जिसमें नगर के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर नम आंखों से मां काली को विदाई दी गई।

### मूकबधिर स्कूल पहुंच मार्ग अत्यंत खराब आवाजाही बाधित



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी कवर्धा बिलासपुर नेशनल सड़क से 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित मूकबधिर स्कूल संचालित सिंघनपुरी नेवारी बाध के पास मूंकबधिर स्कूल 2011-12 से संचालित हो रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मुकबधिर स्कूल का निर्माण के समय कच्ची रोड का निर्माण कराया गया ताकि छात्र छात्राओ को आने-जाने में सुविधा मिल सके, लेकिन कच्ची सड़क में नुकीले पत्थर दिखाई दे रहा है जिससे आने-जाने में ग्रामीणों व पालको तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सीसी निर्माण या गौरव पथ निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा मिल सकें।

### कुण्डा मण्डल संगठन व कार्यशाला बैठक का आयोजन 15 नवम्बर को

**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक साहू के निर्देशानुसार 15 नवंबर को भाजपा मण्डल कुण्डा की बैठक पंडरिया विधायक भावना बोहरा एवं चुनाव अधिकारी दिनेश चंद्रवंशी के उपस्थिति में मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में बैठक आहूत की गई। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू के मार्ग दर्शन में 15 नवंबर को कुण्डा मण्डल का मण्डल संगठन पर्व कार्यशाला की आवश्यक बैठक श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन कुण्डा आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं चुनाव अधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश चंद्रवंशी के अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष समुन्द कुर्रे, मण्डल प्रभारी कुण्डा भुनेश्वर चंद्राकर, जिला मंत्री ओम यदु, सुरेश दुबे, मुकेश सिंह ठाकुर उपस्थित होंगें।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम-डेहरी प.ह.नं.-08

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय पिता बिसौहा जाति कुर्मी निवासी ग्राम डेहरी तहसील पिपरिया द्वारा आवेदन पेश किया है पूर्व में जारी ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी करना चाहता है। ग्राम डेहरी स्थित भूमि ख0नं0 19/3, 22/1, 22/2, 95/2, 267/5, 603 कुल रकबा 0.6830 हे. भूमि आवेदक एवं दिलीप पिता बिसौहा के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व से ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त आवेदित भूमि के डुप्लीकेट किसान-किताब जारी करने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा /आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
पेशी दिनांक - 14/11/2024

मुहर — तहसीलदार पिपरिया


## पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त की बांट जोह रहे ग्रामीण हितग्राही

# आवास योजना की दूसरी किस्त जारी नहीं होने से निर्माण कार्य अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

सरकार की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है, इसके तहत ग्रामीण गरीब व जरूरतमंदों को खुद का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन प्रशासन द्वारा महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर ही राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के जरूरतमंदों ग्रामीण गरीब परिवार को मकान बनाने के लिए अनुदान का लाभ प्रदान किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण परिवार को तीन कमरों का मकान उपलब्ध कराया जाता है।

मकान को बनाने के लिए लाभार्थी को दूसरी किस्त की राशि जारी होने से ग्रामीण हितग्राहियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों तथा निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी की जा चुकी है और दूसरी किस्त की राशि जल्द जारी ने होने से पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण कुआंमालगी सहित ग्रामीण क्षेत्र में गरीब हितग्राही परिवार आवास के लिए दूसरा किस्त की बांट जोह रहें है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन द्वारा पहली किस्त 40 हजार रूपए हितग्राही के खातों में डाला गया है लेकिन पीएम आवास की दूसरा किस्त के लिए इंतजार करना पड़ रहा है जिससे आवास निर्माण कार्य में हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना की दूसरी किस्त जारी नहीं करने के कारण हितग्राहियों के खाता में पैसा नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का काम रूका हुआ है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने एवं इस संबंध में राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश जारी करने अपील की गई।

### कब जारी होगी पीएम योजना की दूसरी किस्त



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कुआंमालगी सहित आसपास क्षेत्र में पीएम आवास योजना निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं दूसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर जारी नही होने से ग्रामीण हितग्राहियों का निर्माण अटका व अधूरा होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर राज्य सरकार ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की गई ताकि स्थानीय स्तर पर पीएम आवास योजना निर्माण कार्य में तेजी आएं।

# राष्ट्रीय पूर्ण ईशर गौरा महापूजा व महापर्व आज

■ ईशर गौरा महापूजा 10 बजे से रात्रि कालीन कार्यक्रम आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के स्थानीय सरदार पटेल मैदान में 14 नवम्बर को राष्ट्रीय पूर्ण ईशर गौरा महापूजा एवं महापर्व का आयोजन गुरूवार को किया जाएगा। जिसकी तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां विभिन्न प्रकार की धर्म, संस्कृति को मानने वाले लोग रहते हैं। यही कारण है कि भारत देश विश्व पटल में विविधताओं में एकता या यूं कहें कि अनेकता में एकता के कारण अपनी श्रेष्ठतम स्थान रखता है। इसी कड़ी में प्रदेश के आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी गोंडवाना गुरुददा गुरूदाई के सानिध्य में कार्तिक उजियारी चौदस के महान सुअवसर पर अनुशासित रूढ़िजन्य परंपरा के तहत सामाजिक सहयोग से राष्ट्रीय पूर्ण ईशर गौरा महापूजा एवं महापर्व का भव्य कार्यक्रम 14 नवम्बर को कवर्धा शहर के सरदार पटेल मैदान में सुबह 10 बजे से पूर्ण रात्रिकालीन तक आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के प्रमुख जनों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

### मक्के में देवउठनी एकादश मना



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी व्रत तिथि पर विशेष रूप से भगवान की कृपा प्राप्त होती है, धार्मिक मान्यता के अनुसार देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु 4 महिने के योग निद्रा से जागते हैं, जिसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन शुभ व मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, भगवान विष्णु के रूप में शालिग्राम व विष्णु प्रिया तुलसी का विवाह तथा विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है साथ ही साथ विशेष सामग्री का दान करते हैं, देवउठनी एकादशी के दिन गन्ने की विधि विधान पूजा अर्चना का एकादशी व्रत करते हैं। वही स्कूली बच्चों को मिठाई खिलाया गया। इस दौरान प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन, शिक्षक निर्मल पात्रे, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष दुखिया साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।


**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071


# छात्र-छात्राओं ने जलशुद्धिकरण संयंत्र, जल परीक्षण प्रयोगशाला का किया व्यापक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के आकांक्षी विकासखंड बोड़ला में जल उत्सव अभियान के तहत एक अनोखे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के छात्र-छात्राओं को जलशुद्धिकरण संयंत्र, जल परीक्षण प्रयोगशाला और जल जीवन मिशन की योजनाओं का व्यापक भ्रमण कराया गया। वहीं विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ इस यात्रा में भाग लिया, जिसमें हाई स्कूल भालूचुवा की विज्ञान व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी एवं स्कूल की छात्रा हेमलता, भूमिका, संजना व महेश्वरी इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



यह आयोजन जल संरक्षण, नल जल योजनाओं के प्रबंधन और जल की महत्ता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। यह कार्यक्रम जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डीएस राजपूत के मार्गदर्शन में एवं सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में जल संरक्षण और जलापूर्ति योजनाओं की महत्ता को छात्रों और शिक्षकों तक पहुंचाने का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मिनमिनिया मैदान में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय जलागार के दौरे से हुई। व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर टोमन लाल कुंजाम ने छात्र छात्राओं को जल जीवन मिशन के तहत इस योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने समझाया कि इस जलागार से ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे सुरक्षित और स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों में जल परियोजनाओं के प्रति एक गहरी समझ विकसित हुई, तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों नें ग्राम कटगो के जल जीवन मिशन के तहत चल रहे नल जल योजना का दौरा कराया गया। यहां स्कूली छात्र छात्राओं ने पानी टंकी, पाइपलाइन, घरेलू नल कनेक्शन, स्विच रूम, क्लोरीनेटर रूम व पंप स्थापना जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया।

छात्राओं को क्लोरीनेटर सिस्टम की कार्यप्रणाली समझाई गई जो पानी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही ग्राम के सभी घरों में प्रदाय किए गए नल कनेक्शनों के माध्यम से जलापूर्ति प्रणाली के संचालन और रख रखाव को समझने का अवसर भी मिला। जिसमें छीरपानी जलाशय आधारित जलशुद्धिकरण संयंत्र था, जिसकी जल शुद्धिकरण क्षमता 3.00 एमएलडी है। इस संयंत्र में छात्राओं को एरियेटर, फ्लैश मिक्सर, फ्लोक्यूलेटर, फिल्टर बेड, क्लीयर वॉटर संप, पंप हाउस, प्री और पोस्ट क्लोरीनेशन प्रणाली और एमबीआर टंकी जैसी इकाइयों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### जेवडन खुर्द में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर रवेली मार्ग जेवडन चौक स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जेवडन खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजित की गई। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई गई, जिसे स्वास्थ्य संबंधी लाभ 150 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों नें स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें खून जांच, मलेरिया, बुखार, सर्दी, जुकाम, सिकलिन सहित अन्य प्रकार की बीमारियों की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। जिसका लाभ स्कूली विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेहत संबंध लाभ मिले। मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम में आरबीएस के टीम प्रभारी डॉ गौरव सिंह बघेल, चंचला चंद्रवंशी, नरेंद्र कुमार नेताम, श्रीमती ममता साहू, जवाहर सिंह एवं स्कूल की प्राचार्य अशोक चंद्रवंशी, संतोष शर्मा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया देवउठनी एकादशी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कोलेगांव। ग्राम पंचायत कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र जिसमें भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, बसनी, मोहतरा, कंझेटा, अमलीमालगी, पेण्ड्री कला, घोरपेण्ड्री में देवउठनी एकादशी पर्व व तुलसी विवाह विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया एवं अपने घर के सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना करते हुए तुलसी माता का परिक्रमा किया गया। ग्रामीणों द्वारा तुलसी माता को पूरी तरह से फूलों से सजाया गया व घर आंगन में रंगोली बनाकर सजाया गया साथ ही साथ दीप प्रज्जवलित कर देवउठनी एकादशी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ फटाका फोड़े वहीं ग्रामीण क्षेत्र में पुरानी रीति रिवाज के साथ यादव द्वारा गौमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सोवई परंपरागत दोहा पढ़ते हुए गौमाता को सोवई पहनाया गया।

### देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के बाद चरवाहों ने गौमाता को बांधी सोवई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देवउठनी एकादशी व्रत व तुलसी विवाह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं क्षेत्र में यादव समाज चरवाहा द्वारा घरो-घर गौमाता को सोवई बांधा साथ ही साथ साखी-दोहा व मातर-मंडई का संदेश दिया। गौ पालकों ने अपने गौ माता की पूजा अर्चना कर सोवई बंधवाया।


Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सामान्य व ऐच्छिक अवकाश की घोषणा

**कवर्धा।** राज्य शासन ने वर्ष 2025 के लिए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सामान्य व ऐच्छिक अवकाश की तिथियों की घोषणा कर दी है। शासकीय कर्मचारियों को स्वेच्छानुसार केवल 3 ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी 1 अप्रैल का अवकाश के केवल बैंकों और कोषालयों के लिए घोषित किया गया है। सूची वेबसाइट पर भी है।

### स्वेच्छानुदान की राशि की गई जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के लिए स्वेच्छानुदान राशि कलेक्ट्रेट के खाते में जमा की गई कवर्धा सामान्य प्रशासन विभाग (लेखा) शाखा मंत्रालय रायपुर ने मंत्रियों से स्वीकृत स्वेच्छानुदान वित्तीय वर्ष 2024-25 की राशि जारी कर दी है। इसमें कबीरधाम जिले के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा के 24 लाख 9 हजार 100 रुपए व मंत्री ओपी चौधरी के 15 हजार रुपए शामिल है। यह राशि कलेक्ट्रेट के खाते में जमा की है।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवदेन 25 नवंबर तक

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया है। इस संबंध में दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सेमेस्टर कक्षा (बीएड व एनईपी अंतर्गत शामिल कक्षा के प्रथम सेमेस्टर को छोड़ कर नियमित, भूतपूर्व, एटीकेटी प्रथम, तृतीय सेमेस्टर, एलएलएम, एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर एटीकेटी के विद्यार्थी की परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 के लिए 25 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

### गोछिया का जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कवर्धा।** सहसपुर लोहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में आज 13 नवंबर 2024 को आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर स्थगित हो गया है। अब यह शिविर 21 नवम्बर 2024 गुरुवार को होगा। शिविर में 25 गांव शामिल है,जिसमें ग्राम कुम्हारदनिया, कारेसरा, चारभांटा, गांगीबहरा, राजपुर, अचानकपुर, सिंघनपुरी, गोछिया, बगबई, सेमरिया, खैरझिटी, गोरखपुर कला, कुंआ, बंधी, सिघौरी, गैंदपुर, दानीघटोली, धरमगढ़, भाठकुण्डेरा, सुरजपुरा, कोहडिय़ा, रामुपर ठाठापुर, ढोरली, हरदी, गोरखपुर खुर्द है।

### योजना अंतर्गत मिलेगा 10 लाख का अनुदान

**कवर्धा।** केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिले में 75 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डीएल पुसाम ने बताया कि योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते है, जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये अनुदान प्रदान की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री पुसाम ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा जिसमें फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

### नगर पंचायत स.लोहारा का बदलेगा स्वरूप

**कवर्धा।** नगर पंचायत स.लोहारा में 2 करोड़ 7 लाख 51 हजार रुपए से 24 विकास कार्य होंगे। इससे नगर की भौतिक संरचना में बड़ा सुधार होगा। विकास कार्य की इस श्रृंखला में नगर की सड़क की मजबूती, जल निकासी, बुनियादी सुविधा के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें सीसी रोड, सामुदायिक भवन, आरसीसी नाली, बाउंड्रीवॉल, मंच, पचरी निर्माण समेत सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं।

---

मुखबिर की सूचना पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# 14.217 किलो गांजा जब्त दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में, जिला पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थों के खिलाफ निर्णायक मोर्चा साबित हो रहा है।

ताजा कार्यवाही में कवर्धा कोतवाली पुलिस ने 14.217 किलो ग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,40,000 रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा पिकअप वाहन भी जप्त की है जिसकी कीमत लगभग 1,10,000 रुपए है, साथ ही आरोपियों के पास से मिले मोबाइल फोन भी पुलिस ने जप्त किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस गठित कर कवर्धा-राजनांदगांव रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध टाटा पकिअप वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें गांजा को सीट के नीचे दो थैलों में छिपाकर रखा गया था। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कवर्धा में अपराध क्रमांक 693/2024, धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में सभी थाना प्रभारियों द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ निरंतर चेकिंग अभियान और व्यापक निगरानी की जा रही है।

सभी थाना प्रभारी न केवल सड़क नाकों पर नियमित तलाशी अभियान चला रहे हैं बल्कि मादक पदार्थों के अड्डों की पहचान कर उन पर त्वरित कार्रवाई भी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी को पूरी तरह से जड़ से खत्म करना और जनता में इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना प्राथमिक लक्ष्य है। इस दृष्टिकोण से जिला पुलिस द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज नशा और अपराध से दूर रहे। इस कार्यवाही में नरीक्षक लालजी सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, सुरेश जायसवाल, संजीव सिंह, आरक्षक अजय वैष्णव, हिरेंद्र साहू, लक्ष्मण सिंह, राकेश यादव, दिनेश ठाकुर, उप निरीक्षक नितिन शर्मा, सहायक उप निरीक्षक रोहित वर्मा, आरक्षक विजय गुप्ता एवं सायबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा।




#### महिनेभर में ही कई तस्कर गिरफ्तार

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में गांजा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। बीते महिने भर के भीतर ही जिला पुलिस प्रशासन ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करीब चार क्विंटल से अधिक गांजा जप्त कर आधा दर्जन से अधिक तस्करों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की है। लेकिन इसके बाद भी जिले में गांजा तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि जिस हिसाब से पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है उससे तस्करों के हौसले पस्त होते दिखाई दे रहे हैं।

---

## लापता दो नाबालिग बच्चों को खोजने में रेंगाखार पुलिस ने हासिल की सफलता

- सोनवाही जंगल के पहाड़ी इलाके से सकुशल मिले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना रेंगाखार पुलिस ने दर्ज गुमसुदगी रिपोर्ट के आधार पर दो लापता नाबालिग बच्चों को खोजने में सफलता हांसिल की है। दोनो नाबालिगों को थाना क्षेत्र के सोनवाही जंगल के पहाड़ी इलाके से बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोमल धुर्वे पिता बारेलाल धुर्वे आयु 38 वर्ष निवासी सरईपतेरा, थाना रेंगाखार, जिला कबीरधाम ने गत 11 नवम्बर को थाना रेंगाखार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके संरक्षण में रहने वाले दो किशोर बालक, जिनकी आयु लगभग 11 वर्ष है, प्री मेट्रिक बालक छात्रावास रेंगाखार से शासकीय माध्यमिक शाला रेंगाखार स्कूल पढऩे गए थे। लेकिन स्कूल से छुट्टी के बाद वे वापस छात्रावास नहीं लौट।

प्रार्थी की इस रपोिर्ट पर थाना रेंगाखार में गुम इंसान क्रमांक 12,13/2024 एवं अपराध क्रमांक 76,77/2024 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को सूचना दी गई। उनके मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी स. लोहारा कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशानुसार, गुमशुदा बालकों की खोजबीन के लिए एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा तत्परता से अलग-अलग दिशाओं में बालकों की तलाश शुरू की गई। इसी खोजवीनं के दौरान ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत दोनों बालकों को सोनवाही जंगल के पहाड़ी इलाके से सकुशल बरामद कर लिया गया और उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्चे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वापस अपने छात्रावास क्यों नहीं गए। वे अपने मन से सोनवाही जंगल के पहाड़ी इलाके में पहुंचे थे या फिर कोई उन्हें लेकर गया था।

इस कार्य में टीम में शामिल थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, थाना रेंगाखार, सहायक उप निरीक्षक सुनील यादव, प्रधान आरक्षक ज्ञानेश्वर केलकर, आरक्षक मनोज लहरे, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, सूरज नेताम, कृष्ण कुमार मेरावी, सरेश चंद्रौल, बिसेन छेदावी तथा दीपचंद नेताम ने सराहनीय योगदान दिया है।

---

## कलेक्टर ने एनडीआरएफ और जिला अधिकारियों के साथ प्राकृतिक आपदा प्रबंधन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एनडीआरएफ की टीम के साथ प्राकृतिक आपदा एवं रेस्क्यू के संबंध में टेबल टॉक किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में प्राकृतिक आपदा के समय बचाव के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध चर्चा की। इस दौरान एनडीआरएफ के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल के दौरान बचाव कार्य के संबंध में जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि कल 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे सरोदा डेम में मॉक ड्रिल किया जाएगा। जिसमे प्राकृतिक आपदा एवं रेस्क्यू टीम से संबंधित सभी अधिकारी मॉक ड्रिल में उपस्थित रहेंगे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, सुश्री राजश्री पाण्डेय, सहित एनडीआरएफ की टीम जिले के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आपदा के समय बचाव कार्यों के समन्वय के महत्व पर जोर दिया और कहा कि जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी आपदा के दौरान तत्परता से कार्य करें। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने इस अवसर पर मॉक ड्रिल के महत्व और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपात स्थितियों का पूर्वाभ्यास किया जाता है, जिससे वास्तविक आपदा के समय कम से कम समय में अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। बैठक में बताया गया कि कल दोपहर 12 बजे सरोदा डेम पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिले के सभी अधिकारी और संबंधित विभागों की टीमें उपस्थित रहेंगी। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम विभिन्न आपात स्थितियों में रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन करेगी।



---

## 21 वाहनों से वसूले गए 42 हजार रुपए शमन शुल्क, परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार यात्री बसों, स्कूल बसों, मालवाहक वाहनों का चेकिंग किया जा रहा है तथा परमिट शर्तों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के अंतर्गत परिवहन विभाग की टीम के द्वारा यात्री बस और ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट के बसों पर कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि परमिट शर्तों के उल्लंघन करते पाए जाने और अन्य उलंघन पर मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 21 वाहनों पर 42 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 02 वाहनों से 2.1 लाख रुपए का मोटर यान कर जमा कराया गया। बस संचालकों को परमिट शर्तों और नियमों का पालन करते हुए संचालन करने का निर्देश दिए गए है। यात्री बसों में यात्री किराया दर के संबंध में तथा किराए से छूट प्राप्त व्यक्तियों की जानकारी के संबंध में स्टीकर लगाया गया। शासन द्वारा दृष्टिहीन व्यक्ति, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, दोनों पैरो से चलने में असमर्थ दिव्यांग व्यक्ति, अस्सी वर्ष से ऊपर वरिष्ठ नागरिक और एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति को एक परिचारक सहित शत-प्रतिशत किराए से छूट प्रदान किया गया है।




---

## झारखण्ड में एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ बनाएगी सरकारः भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

झारखण्ड में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनाएगी। उक्त बातें झारखण्ड राज्य विधानसभा चुनाव 2024 के प्रवासी प्रभारी विधायक भावना बोहरा ने राज्य के विधानसभा के प्रथम चुनाव प्रचार थमने के बाद कहीं।



प्रभारी भावना बोहरा ने प्रथम चरण के अंतिम चुनाव प्रचार के बाद कहा के पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए झारखण्ड की जनता से मिलने जुलने और यहां की अतुलनीय संस्कृति को करीब से देखने व उसका हिस्सा बनने का मुझे अवसर मिला है, जो अजीवन स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा झारखण्ड एवं कोल्हान क्षेत्र की जनता द्वारा प्राप्त अपनत्व, स्नेह और समर्थन के लिए सदैव आभारी रहूंगी।

हमें आशा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा झारखण्ड के विकास एवं जनता के हितों के प्रति जो संकल्प किए है उसे पूरा करने के लिए जनता अपने समर्थन से झारखण्ड में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए का सरकार बनाएगी।

वही प्रवासी प्रभारी व पंडरिया विधायक भावना बोहरा छत्तीसगढ़ झारखण्ड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण चुनाव प्रचार समाप्ति पश्चात बाबा धाम देवघर में बाबा बैद्यनाथ एवं भगवान बासुकी नाथ पावन दर्शन कर सबके प्रदेश एवं जिले की आवाम की सुख समृद्धि की कामना की।

---

## ग्राम डोमसरा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

- बच्चों को परोसा गया चांवल, दाल, सब्जी, केला व खीर-पूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम डोमसरा स्थित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विश्वलता मानिकपुरी द्वारा बुधवार को प्राथमिक व मिडिल स्कूल के बच्चों को नेवता भोज कराया गया।

नेवता भोज में चांवल, दाल, सब्जी, केला व खीर-पूड़ी बच्चों को परोसा गया। नेवता भोज शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें कोई भी अपने विशेष अवसर जन्मदिन, विवाह के वर्षगांव सहित हर यादगार दिवस पर बच्चों को भोजन करवा सकता है।जिससे गांव के सामुदायिक भावना का विकास होता है तथा बच्चे उत्साहित होते हैं। नेवता भोज योजना में स्कूली बच्चों को भोजन में नए-नए पकवान ,फल आदि खाने को तो मिलते ही है, इसके अलावा पालक व स्कूल से संवाद विकसित होती। सभी पालको को इसमे सहभागिता निभानी चाहिए।

नेवता भोज के दौरान प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, यशवंत पाठक, आभा बघेल, प्रवीण तिवारी, गिरिजा पटेल, निशा सिंगरौल, इंद्रजीत सिंह, रोहित जायसवाल, भूपेंद्र कुलमित्र, हेमलता मानिकपुरी, मनीला पटेला, परदेशी पटेल, दयाराम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

### नेवता भोज का बच्चों ने उठा लुफ्त...



**कवर्धा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम डोमसरा में संचालित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठिका विश्वलता मानिकपुरी ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को कराया नेवता भोज

---

कथा सुनने हर रोज बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे श्रोतागण

## श्री राम जानकी मेकरी मंदिर में कार्तिक महात्म्य कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्री राम जानकी मेकरी मंदिर, कवर्धा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक महिने भर कार्तिक महात्म्य कथा का आयोजन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। राम दास वैष्णव सेवानिवृत्त व्याख्याता ने बताया कि जब महंत स्व. मंगल दास थे उस समय प्रातः काल मंगला आरती के बाद बारहों महीने एक अध्याय गीता एवं रामायण का कथा की जाती थी। कार्तिक महीने में कार्तिक महात्म्य कहा जाता था। इसके पश्चात सुबह साढ़े आठ बजे से स्व. गंगा प्रसाद तिवारी के द्वारा यहां कार्तिक महात्म्य कहा जाता था। वर्तमान में इस परम्परा का निर्वाहन नारायण दास द्वारा निभाई जा रही है। नारायण दास द्वारा महिने भर कार्तिक महात्म्य सुनाया जाएगा। इसके बाद प्रातः साढ़े आठ बजे से पं. शिव कुमार तिवारी जी के द्वारा मेकरी मंदिर में श्रोताओं को कार्तिक महात्म्य सुनाया जाता रहा है। इस तरह श्रोताओं को अलग-अलग समय में दो बार कार्तिक महात्म्य सुनने का लाभ मिल रहा है। कार्तिक माह के पवित्र देव उठनी एकादशी को सबेरे से दिन के ग्यारह बजे तक कथा सुनने का अवसर मिला। प्रबोधिनी एकादशी के दिन संगीतमय कथा का सुमधुर रसास्वादन कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में महिलाएं व पुरुष भी कथा सुनने पहुंचे थे। कथा व्यास पीट ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष के देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु शयन के लिए चले जाते हैं। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के देवउठनी एकादशी को भगवान विष्णु शयन से जागते हैं। देव उठनी से विवाह आदि शुभ मुहूर्त प्रारंभ होता है। इस दिन लोग अपने घरों में गन्ना का मंडप बनाकर शाम को भगवान विष्णु के जागने का पूजन आयोजित करते हैं। रात्रि में देव दीपावली के रूप में दीपोत्सव मनाते हैं। उक्त जानकारी सेवानिवृत्त व्याख्याता राम दास वैष्णव ने दिया।



---

## नर्मदेश्वर शिवलिंग एवं शिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

देव उठनी एकादशी के पावन पर्व पर कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 20 में भारत माता चौक के पास स्थित सामुदायिक भवन परिसर में सार्वजनिक नर्मदेश्वर शिवलिंग एवं शिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस अवसर पर आचार्य सुमित भारद्वाज पुजारी मां महामाया के सानिध्य में विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इससे पूर्व बकायदा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शामिल हुई। इस आयोजन में वार्डवासियों के साथ ही वार्ड पार्षद मनीषा अनिल साहू द्वारा अपना सहयोग दिया जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस गर्भ गृह में ज्योति कलश की स्थापना पश्चात कलश यात्रा मां महामाया मंदिर प्रांगण से आयोजन स्थल तक निकाली गई। तत्पश्चात शास्त्रोक्त विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चन प्रारंभ किया गया एवं शिव परिवार के मूर्तियों को अन्नाधिवास पश्चात शयनाधीवास पश्चात आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में बुधवार को मूर्तियों का अनेक अधिवास के बाद प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया गया है।

